## (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) कक्षा -दसवीं हिंदी (085)

## परीक्षा विश्लेषण

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई) की दसवीं की हिंदी परीक्षा (085) शुक्रवार, 28 फरवरी को आयोजित की गई थी। यह प्रश्नपत्र संतुलित था। छात्रों के अनुसार, परीक्षा का कठिनाई स्तर मध्यम था।

इस प्रश्नपत्र में ऐसे प्रश्नों का समावेश था, जो छात्रों की मूलभूत अवधारणाओं की समझ, सूचनाओं का विश्लेषण करने की क्षमता और वास्तविक जीवन में ज्ञान के उपयोग की दक्षता को परखने के लिए तैयार किए गए थे।

परीक्षा का प्रारूप

हिंदी पाठ्यक्रम-बी की परीक्षा 80 अंकों की थी, जिसे 3 घंटे में हल करना था।

प्रश्नपत्र चार खंडों में विभाजित था:

- खंड 'क': गद्यांश (14 अंक)
- खंड 'ख': व्याकरण (16 अंक)
- खंड 'ग': साहित्य (28 अंक)
- खंड ' घ': लेखन कौशल (22 अंक)

खंड-वार विश्लेषण:

- खंड 'क'(अपठित गद्यांश) अपठित गद्यांश से पूछे गए प्रश्न भी कुछ हद तक अस्पष्ट थे
- अनुच्छेद,पत्र लेखन, ईमेल, कथा लेखन व विज्ञापन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी सैंपल पेपर के अनुसार थे।
- व्याकरण खंड में पूछे गए प्रश्न भी मध्यम स्तरीय थे।
- साहित्य खंड में दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए पात्रों और साहित्यिक तकनीकों की गहरी समझ आवश्यक थी। बहुविकल्पीय प्रश्नों के एक से अधिक उत्तर की संभावना थी।

निष्कर्ष:

कुल मिलाकर, प्रश्न निर्धारित पाठ्यक्रम से ही थे, लेकिन कुछ प्रश्न विचारोत्तेजक और चुनौतीपूर्ण थे। अत: कुछ विद्यार्थी समय पर पूरा प्रश्नपत्र हल करने में सफल नहीं रहे।

कठिनाई स्तर की दृष्टि से, यह प्रश्नपत्र मध्यम स्तरीय था। इसमें हिंदी भाषा के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया था।

परीक्षा का उद्देश्य छात्रों के पाठ्यक्रम की समझ और अपने विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता को परखना था।